राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड,जयपुर

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018 दूरभाष नं. 0141–2722520

क्रमांकः प.14(107)RSSB/अर्थना/प्रा.शि./अध्यापक/भर्ती/2022/1244 दिनांक : 23.12.22

–:: संशोधित विज्ञप्ति ::–

प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय अध्यापक सीधी भर्ती–2022

बोर्ड द्वारा प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय अध्यापक सीधी भर्ती–2022 के अन्तर्गत अध्यापक लेवल–प्रथम, कक्षा 1 से 5 एवं अध्यापक लेवल–द्वितीय, कक्षा 6 से 8 के विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती हेतु निर्धारित योग्यताधारी आवेदकों से ऑनलाईन आवेदन (Online Application Form) **दिनांक 21.12.2022 से 19.01.2023 रात्रि 12:00 बजे तक** आमंत्रित किये जा रहे हैं।

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय ने याचिका संख्या SBCWP NO. 18716/2022 में पारित अंतरिम आदेश दिनांक 15.12.2022 द्वारा राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (REET)–2022 में आरक्षित वर्ग (ST, SC, OBC, EWS, MBC) के 82 अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र भरवाये जाने हेतु आदेश दिया है, जिसकी पालना में राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (REET)–2022 में लेवल–प्रथम एवं लेवल–द्वितीय तथा राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (REET)–2021 में केवल लेवल–प्रथम में आरक्षित वर्ग (ST, SC, OBC, EWS, MBC) के 82 अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को इस भर्ती में ऑनलाईन आवेदन भरने का अवसर दिया जाता है। ऐसे अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे निर्धारित अवधि में दिनांक 19.01.2023 तक ऑनलाईन आवेदन भर सकते है। इन अभ्यर्थियों की आवेदन प्रक्रिया एवं आगामी समस्त कार्यवाही याचिका संख्या SBCWP NO. 18716/2022 के अध्यधीन रहेगी।

(सुनील पूनियाँ)
सचिव